भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
पाक्षिक समाचार

सम्पर्क

खण्ड –XXV अंक–13 15 जुलाई, 2020

यथा नदीनां बहवोऽम्बुवेगाः समुद्रमेवाभिमुखा द्रवन्ति।
तथा तवामी नरलोकवीरा, विशान्ति वक्त्राण्यभिविज्वलन्ति।।

जैसे नदियों के बहुत से जल के प्रवाह स्वाभाविक ही समुद्र के ही सम्मुख दौड़ते हैं अर्थात् समुद्र में प्रवेश करते हैं, वैसे ही वे नरलोक के वीर भी आपके प्रज्वलित मुखों में प्रवेश कर रहे हैं। **श्रीमद्भगवद्गीता 11/28**

बधाई

स्थापना अनुभाग–II से प्राप्त विज्ञप्ति संख्या IITD/E-2/2020/242137 दिनांक 6.7.2020 के अनुसार **श्री गोकुल देव बहुगुणा** को सीमित विभागीय परीक्षा (LDE) के अन्तर्गत सहायक कुलसचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्हें 7वें वेतन आयोग की वेतन मैट्रिक्स के अनुसार लेवल–10 दिया गया है। श्री गोकुल देव बहुगुणा ने दिनांक 6.7.2020 से अपने पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

स्वागत

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IES1/2020/242536 दिनांक 8.7.2020 के अनुसार **डॉ. प्रशांत सिंह** ने 2.7.2020 से संस्थान के नैनोस्केल अनुसंधान सुविधा विभाग में पोस्ट डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IES1/2020/242596 दिनांक 8.7.2020 के अनुसार **प्रो. मुकेश चन्दर भटनागर** ने 1.7.2020 से एक वर्ष के लिए संस्थान के भौतिकी विभाग में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IES1/2020/242771 दिनांक 9.7.2020 के अनुसार **प्रो. रविकांत सोनी** ने 1.7.2020 से एक वर्ष के लिए संस्थान के भौतिकी विभाग में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/241257 दिनांक 1.7.2020 के अनुसार **प्रो. (सुश्री) कुसुम मीना** ने 8.6.2020 से संस्थान के यांत्रिक इंजीनियरी विभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल–10 में सहायक प्रोफेसर ग्रेड– II के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. (सुश्री) कुसुम मीना को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन लेवल 13ए1 प्राप्त करने तक जो भी पहले हो के लिए संस्थान द्वारा प्रायोजित ''युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप'' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/241002 दिनांक 30.06.2020 के अनुसार **प्रो. शौर्य श्रीयम** ने 21.2.2020 से संस्थान के यांत्रिक इंजीनियरी विभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल–10 में सहायक प्रोफेसर ग्रेड– II के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. शौर्य श्रीयम को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन लेवल 13ए1 प्राप्त करने तक जो भी पहले हो, के लिए संस्थान द्वारा प्रायोजित ''युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप'' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/240999 दिनांक 30.06.2020 के अनुसार **प्रो. पृथ्वीराज मुखोपाध्याय** ने 20.5.2020 से संस्थान के यांत्रिक इंजीनियरी विभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल–10 में सहायक प्रोफेसर ग्रेड– II के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. पृथ्वीराज मुखोपाध्याय को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन लेवल 13ए1 प्राप्त करने तक जो भी पहले हो, के लिए संस्थान द्वारा प्रायोजित ''युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप'' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग–II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-1I/2020/240565 दिनांक 26.6.2020 के अनुसार **श्री उत्कर्ष रॉय** ने 28.5.2020 को संस्थान के विद्युत इंजीनियरी विभाग में अनुबन्ध आधार पर 3 वर्ष की अवधि के लिए सातवें वेतन आयोग के लेवल–5 में वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

- स्थापना अनुभाग–II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-1I/2020/

242212 दिनांक 7.7.2020 के अनुसार **श्री राहुल कुमार प्रजापति** ने 26.5.2020 को संस्थान के संकायाध्यक्ष (संकाय) कार्यालय में अनुबन्ध आधार पर 3 वर्ष की अवधि के लिए सातवें वेतन आयोग के लेवल–3 में कनिष्ठ सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

- स्थापना अनुभाग–II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-1I/2020/242193 दिनांक 7.7.2020 के अनुसार **श्री अभिषेक दीक्षित** ने 17.6.2020 को संस्थान के ETSC/HUSS/NRCVEE में अनुबन्ध आधार पर 3 वर्ष की अवधि के लिए सातवें वेतन आयोग के लेवल–3 में कनिष्ठ सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

- स्थापना अनुभाग–II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-1I/2020/242197 दिनांक 7.7.2020 के अनुसार **श्री गिरीश दायमा** ने 8.6.2020 को संस्थान में प्रकाशन प्रकोष्ठ में अनुबन्ध आधार पर पर 3 वर्ष की अवधि के लिए सातवें वेतन आयोग के लेवल–3 में कनिष्ठ सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

- स्थापना अनुभाग–II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-1I/2020/241519 दिनांक 2.7.2020 के अनुसार **श्री अमरेश कुमार** ने 5.6.2020 को संस्थान में यांत्रिक इंजीनियरी विभाग में अनुबन्ध आधार पर 3 वर्ष की अवधि के लिए सातवें वेतन आयोग के लेवल–5 में वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

त्यागपत्र स्वीकृत

स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI-/U-3/2020/241672 दिनांक 3.7.2020 के अनुसार **प्रो. तपज्योति दास गुप्ता,** सहायक प्रोफेसर, ग्रेड– I (पदार्थ विज्ञान विभाग) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 10.7.2020 से स्वीकार कर लिया है। अतः प्रो. तपज्योति दास गुप्ता को 10.7.2020 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।

राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत अनिवार्य रूप से द्विभाषी जारी किए जाने वाले कागजात

1 सामान्य आदेश / General Orders
2 संकल्प / Resolution
3 परिपत्र / Circulars
4 नियम / Rules
5 प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन / Administrative or other reports
6 प्रेस विज्ञप्तियाँ / Press Release/Communiques
7 संविदाएँ / Contracts
8 करार / Agreements
9 अनुज्ञप्तियाँ / Licences
10 निविदा प्रारुप / Tender Forms
11 अनुज्ञा पत्र / Permits
12 निविदा सूचनाएँ / Tender Notices
13 अधिसूचनाएँ / Notifications
14 संसद के समक्ष रखे जाने वाले / प्रतिवेदन तथा कागज पत्र / Reports and documents to be laid before the Parliament

वैश्वीकरण का सबसे सफल उत्पाद योग

यह अकल्पनीय ही था कि 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने की बात की और 11 दिसंबर को 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित कर दिया गया। इस प्रस्ताव को वैश्विक और प्रभावशाली बनाने का काम योग की सार्वभौमिकता स्वीकार्यता ने किया। आज दुनिया भूगोल से विभाजित और योग द्वारा एकजुट है। पी.एम. मोदी ने सत्ता में आने के छह माह के भीतर ही हमारी 5000 साल पुरानी योग की विरासत को नई पहचान दिलाई। उन्होंने सच ही कहा था कि स्वास्थ्य और कल्याण के लिए योग सार्वभौमिक आकांक्षा का प्रतीक है। यह शून्य बजट में स्वास्थ्य बीमा है। यह मन, शरीर और आत्मा के सहज एकीकरण का विज्ञान है। यह मानवता के लिए सद्भाव और शांति को प्रकट करता है। यह स्वयं की, स्वयं के लिए और स्वयं के जरिए यात्रा है।

महर्षि पतंजलि को योग पर उनके ग्रंथ पतंजलि योग सूत्र के लिए जाना जाता है। श्री अरबिंदो को गीता और उपनिषदों जैसे हिंदू धर्मग्रंथों से योग और योग साधनाओं के सार का अनुवाद का श्रेय दिया जाता है। बी.एस. अयंगर और महर्षि परमहंस योगानंद को आध्यात्मिक

शास्त्रों और अपने अनुशासित एवं प्रेरणादायक जीवन के जरिए दुनिया भर में योग ज्ञान के प्रसार के लिए जाना जाता है। स्वामी विवेकानंद पश्चिमी दुनिया को वेदांत और योग के भारतीय दर्शन से परिचित कराने वाले प्रमुख व्यक्ति थे।

योग को वैश्वीकरण के सबसे सफल उत्पादों में से एक माना जाता है। योग दिवस मानव–चेतना और भलाई के लिए व्यापक रूप से मनाया जाने वाला त्यौहार है। धर्म और क्षेत्र से इतर योग का उत्सव दुनिया भर में आयोजित किया जाता है। यह सबसे पंथनिरपेक्ष सूत्र है जो स्वास्थ्य और खुशी के लिए विभाजित दुनिया को जोड़ता है। जब दुनिया बंटती है तो योग लोगों, परिवार, समाज और देशों को साथ लाता है। इसके पास एकजुट करने वाली सबसे प्रभावशाली ताकत है। यह देखकर खुशी होती है कि पश्चिम में योग सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाने वाली पूरक स्वास्थ्य पद्धति है। दुनिया योग के फायदे को महसूस कर रही है। यू.एस. नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार ध्यान के साथ योग करने से बुढ़ापा को टालने और कई बीमारियों को शुरूआत में ही रोकने में मदद मिलती है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का उपचार करने में मदद करता है, बल्कि भावनात्मक और मानसिक सेहत भी सुधारता है। योग से अवसाद को कम करने में भी मदद मिलती है। योग हमेशा से स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा का एक अभिन्न अंग रहा है। योग उपदेशात्मक शिक्षा के बजाय प्रायोगिक ज्ञान का हिस्सा बन रहा है। अमेरिका में अधिकारिक खेल के रूप में स्वीकार होने के बाद योग ओलंपिक में एक प्रतिस्पर्धी खेल के तौर पर भी शामिल हो सकता है।

आम से लेकर खास तक हर किसी ने कोविड–19 महामारी के दौरान योगाभ्यास के फायदों को गंभीरता से लिया है। मैं उस देवभूमि उत्तरांखड से आता हूं जो योग और आयुर्वेद का उद्गम स्थल रहा है। जब दुनिया चाहरदीवारी तक सीमित है तब योग प्रतिरक्षा को बढ़ाने और जीवन के संतुलन को बनाए रखने के लिए सबसे प्रभावी स्वास्थ्य साधन के रूप में उभरा है। कोविड–19 को विश्व योग दिवस की भावना को कम करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

विभिन्न अध्ययनों ने सिद्ध किया है कि कोविड–19 के मनो–सामाजिक प्रभाव से निपटने में योग और ध्यान सबसे उत्तम है। कई प्राणायाम श्वसन प्रणाली को मजबूत करते हैं। इस पर अध्ययन किया जाए कि कैसे प्राणायाम कोरोना के प्रभावों का मुकाबला कर सकता है। योग वास्तव में समुदाय, प्रतिरक्षा और एकता के लिए रामबाण यानि सर्वरोगहारी औषधि है। लंबे समय से योग, आयुर्वेद और अध्यात्मक वैश्विक समुदाय को हमारा संदेश रहा है। आज भी यह पूरी तरह से प्रासंगिक है। योग निःसंदेह वैश्विक शांति और सद्भाव का प्रवेश द्वार है।

साभार– दैनिक जागरण 21.6.2020

रमेश पोखरियाल निशंक
(मानव संसाधन विकास मंत्री)

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY DELHI

प्रशासनिक अधिकारियों के दैनिक सरकारी कामकाज में सामान्य व्यवहार में प्रयुक्त होने वाली संक्षिप्त आदेशात्मक टिप्पणियाँ

Brief important notings being used by Administrative Officers in their daily routine official work

अंग्रेजी	हिन्दी
Action may be taken as proposed.	यथाप्रस्तावित कार्रवाई की जाए
All concerned should note carefully.	सभी संबंधित व्यक्ति इसे ध्यान से नोट कर लें।
Application is rejected.	प्रार्थना–पत्र अस्वीकृत किया जाता है।
Approved.	अनुमोदित।
Approved as a very special case. This should not, however be Quoted as a precedent.	एक विशेष मामला मानते हुए अनुमोदित किया जाता है किन्तु आगे उदाहरण के रूप में इसका उल्लेख न किया जाए।

अंग्रेजी	हिन्दी
Wait further report.	आगे और विवरण की प्रतीक्षा कीजिए।
Await reply.	उत्तर की प्रतीक्षा करें।
Do the needful.	आवश्यक कार्रवाई करें।
Draft is concurred in.	प्रारूप पर सहमति दी जा रही है।
Draft may not be issued.	अब प्रारूप जारी करने की आवश्यकता नहीं है।
Draft reply on the lines suggested above may be Put up.	उपरोक्त सुझावों के आधार पर उत्तर का मसौदा तैयार कीजिए।

Enquire into the case and report early.	मामले की जांच करें और शीघ्र रिपोर्ट दें।
Enquiry be completed and its report submitted at an Early date.	जांच पूरी की जाए और रिपोर्ट जल्दी प्रस्तुत की जाए।
Explanation may be called for.	स्पष्टीकरण मांगा जाए।
Fix a date for meeting.	बैठक के लिए तारीख नियत करें।
Give top priority to this work. I agree.	इस कार्य को परम अग्रता दें। मैं सहमत हूं।
I agree with 'A' above.	मैं उपर्युक्त 'क' से सहमत हूं।
I disagree.	मैं सहमत नहीं हूं।
I fully agree with office note.	मैं कार्यालय की टिप्पणी से पूर्णतया सहमत हूं।
Inform accordingly.	तदनुसार सूचित किया जाए।
Issue as amended.	यथासंशोधित जारी किया जाए।
Issue reminder urgently.	तुरन्त अनुस्मारक भेजिए।
Issue today.	आज ही भेज दिया जाए।
Issue warning.	चेतावनी दी जाए।
Kindly see it for approval.	कृपया इसे अनुमोदन के लिए देखें।
May file.	फाईल कर दिया जाए।
No assurance in the matter can be given at this stage.	इस मामले में इस समय कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है।
Order may be issued.	आदेश जारी कर दिया जाए।
Office may note it carefully.	कार्यालय इसे सावधानी से नोट कर लें।
Permitted.	अनुमति दी जाती है।
Please circulate and file.	कृपया सभी को दिखाकर फाइल कर दें।
Please discuss.	आकर चर्चा कर लें।

Please fleg the relevent papers.	कृपया संगत कागजातों पर पर्चियाँ लगा दें।
Please issue necessary notification.	कृपया आवश्यक अधिसूचना जारी करें।
Please make a special note of this Decision.	कृपया इस निर्णय को विशेष रूप से नोट करे।
Please prepare a precis of the case.	कृपया मामले की संक्षेपिका तैयार करें।
Please put up a self contained note.	कृपया स्वतः पूर्ण टिप्पणी प्रस्तुत करे।
Please remind after one week.	कृपया एक सप्ताह बाद याद दिलाएं।
Please see the preceding notes.	कृपया पिछली टिप्पणियाँ देख लें।
Please speak.	कृपया बात करें।
Please take immediate action.	कृपया तुरंत कार्रवाई करें।
Put up through proper channel.	उचित माध्यम से प्रस्तुत करें।
Reminder may be issued.	अनुस्मारक भेजा जाए।
The requisite information may be furnished early.	अपेक्षित सूचना शीघ्र दी जाए।
Sanctioned.	स्वीकृत / मंजूर।
Seen, thanks.	देख लिया, धन्यवाद।
Take disciplinary action.	अनुशासनिक कार्रवाई की जाए।
There is no cause to modify the order already passed.	जो आदेश दिया जा चुका है उसमें संशोधन करने का कोई कारण नहीं है।
The undersigned is competent to grant permission.	अधोहस्ताक्षरी अनुज्ञा देने के लिए सक्षम है।
What delays ?	देरी का क्या कारण है ?
What is the position ?	क्या स्थिति है ?

राजभाषा हिन्दी के अनुसार राज्यों का वर्गीकरण

क्षेत्र क– बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड़, उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र।

क्षेत्र ख– गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब राज्य तथा चंडीगढ़, दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र।

क्षेत्र ग– खंड (1) और (2) में निर्दिष्ट राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से भिन्न राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र।

हिन्दी कक्ष द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित दूरभाषः EPABX 1772, 7144, 1242

मुद्रकः सागर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, नई दिल्ली। ई–मेलः sagarprinters@gmail.com